# महिला के पास शक्ति अपार, सरकार दे रही ताकत : रेखा गुप्ता

**जासं नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि महिलाओं को दोहरी भूमिकाएं निभानी होती है। महिलाओं में वह सब करने की शक्ति है, जो कोई और नहीं कर सकता। वह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इंदिरा गांधी स्टेडियम में एडीएसईआइ व कारोबारी संगठन कैट की ओर से आयोजित महिला उद्यमी सम्मेलन में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग (सीधे बिक्री) ऐसा क्षेत्र है, जो महिलाओं के लिए बड़ा अवसर लेकर आया है।

इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने डायरेक्ट सेलिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया। धामी ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। केंद्र से लेकर राज्यों में भाजपा की सरकारें महिलाओं के उत्थान और उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है, ताकि वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें और आत्मनिर्भर बनें।

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने कहा कि डायरेक्ट सेलिंग की शक्ति अधिक है। फिलहाल हम सिर्फ 25 हजार करोड़ तक ही पहुंचे हैं। अगले 10 वर्षों में हम इसे दो लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखते हैं। डायरेक्ट सेलिंग एंटिटीज आफ इंडिया (एडीएसईआइ) के अध्यक्ष डा. संजीव कुमार ने उम्मीद जताते हुए कहा कि आने वाले 10 वर्षों में देश डायरेक्ट सेलिंग के क्षेत्र में दुनिया में नंबर एक स्थान हासिल करेगा।